आज दिनांक 14.12.2022 को PR No 284034 Agriculture (2022-23):D से संबंधित प्रकाशित निविदा के संबंध में OFAJ के तत्वाधान में एक Pre-Bid बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ओफाज की अध्यक्षता में आयेजित की गई। उपस्थिति विवरणी अलग से संधारित है।

---

सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ओफाज PR No 284034 Agriculture (2022-23):D द्वारा प्रकाशित जैविक उपादान आपूर्ति हेतु जैविक उपादान निर्माताओं के Empanelment के उद्वेश्य, चयन प्रकिया एवं योजना के कियान्वयन की जानकारी दी गई।

तद्ोपरान्त प्रकाशित उक्त विज्ञापन में अगर किन्ही को कोई Clarification चाहिए तो उसकी मांग मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ओफाज के द्वारा की गई।

इसके पश्चात् प्रकाशित उक्त विज्ञापन की कंडिका F(i) के अनुसार प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया।

1. श्रीमती हुस्ना परवीन, मो0 न0 9308455555 के द्वारा इस Bid/ निविदा में Effective Microorganism प्रमाण पत्र वाले कम्पनियों को शामिल करने हेतु आवेदन दिया गया। चुंकि TSG द्वारा पूर्व से ही आपूर्ति हेतु जैविक उपादान निर्धारित हैं, एवं तकनीकी समिक्षा/ Vetting के लिए गठित **उच्च स्तरीय तकनीकी समिति** द्वारा अनुशंसित है।

   अतः इस Bid/ निविदा में उनके निवेदन को स्वीकृत नही किया गया।

   सर्वसम्मति से आवेदन अस्वीकृत किया गया।

2. M/s Zenith Dye-Chem Pvt. Ltd. का पत्रांक 122/ 22-23 दिनांक 13.12.2022 द्वारा

   (i) **Fresher's को भी Invite करने की मांग की गई है।** चुँकि Organic Certification लगभग 21 वर्षो से चल रही प्रकिया है। यह एक Value Added Quality Conscious Programme है, अतः इसमें अनुभवी जैविक आदान निर्माताओं की आवश्यकता है। अतः यह मांग समिति द्वारा नही मानी गई।

   (ii) **Trade Mark Clause को Remove करने की मांग–** Trade Mark पंजीकृत कम्पनी के ब्रांड की विश्वसनीयता का प्रतीक है। यह कम्पनी के बाजार में लम्बे समय से स्थापित होकर उपभोक्ताओं के उक्त कम्पनी के प्रति ब्रांड की विश्वसनीयता को दर्शाता है। अतः यह मांग समिति द्वारा नही मानी गई।

   (iii) **In house R&D Recognition को Mandatory बनाने की मांग–** इस कंडिका को Preferential बनाया गया है। ताकि ज्यादा संस्थान Participate कर सकें।

   (iv) **Annual Turn Over बढ़ाकर 6 करोड़ करनें के संबंध में–** विचारोपरान्त समिति द्वारा Minimum Turn Over के अपने निर्णय को यथावत् अर्थात् 5 करोड़ रखा गया।

   (V) Government Supply की प्रकिया अन्य Corporate या B2B से अलग होती है, इसमें कागजातों की आवश्यकता एवं भुगतान की प्रकिया भी अलग होती है, अतः Government Supply में अनुभव की आवश्यकता को अनिवार्य रखा गया है।

3. A.M. Biotech द्वारा दिये गये पत्र, पत्रांक– शून्य दिनांक 12.12.22 पर कंडिकावार विचार किया गया।

(i) **DSIR Recognition Mandatory रखने के संबंध में–** इसका जवाब M/s Zenith Dye-Chem Pvt. Ltd. द्वारा उठाये गये प्रश्न पर दिया गया है। समिति का निर्णय है कि यह कंडिका यथावत् रहेगी।

(ii) **Turn Over** की सीमा घटाने के संबंध में– चूंकि Organic Input Industry अब 21 वर्षो से चल रही है। कई Firm का Turn Over 50-75 करोड़ तक है। परन्तु फिर भी समिति द्वारा इसे 5 करोड़ ही रखा गया है, ताकि छोटे Firm भी भाग ले सकें। अतः यह पूर्णतः Justified है।

इस पर कोई परिवर्तन नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया।

(iii) **Mode of Payment** के संबंध में बताना आवश्यक है कि Payment हेतु जो राज्यादेश में दिशा-निर्देश है; तद्नुसार ही भुगतान की प्रकिया अपनाई जायेगी। अतः यह निर्णय लिया गया कि इस कंडिका को यथावत् ही रखा जाना है।

(iv) **Qualifying Marking Parameter में प्रार्थी द्वारा 70 से बढ़ाकर 80 अंक को न्यूनतम रखने का सुझाव दिया गया है–** इस पर पूर्व में समिति द्वारा विचार कर ही 70 अंक को Qualifying रखा गया है। अतः यह कंडिका यथावत् रखने का निर्णय लिया गया।

14.12.22

4. M/S R.C. Enterprises का पत्रांक L/067/22 दिनांक 12.12.2022 द्वारा दिये गये आवेदन पर कंडिकावार विचार किया गया

(i) इस कंडिका में इनके द्वारा जैविक उपादान निर्माण में अनुभव की समय सीमा को 10 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करने का प्रस्ताव दिया गया है। सांगोपांग विचार कर समिति द्वारा 10 वर्ष की समय सीमा को हीं जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

(ii) **Turn Over की सीमा घटाने के संबंध में** –इस पर समिति पूर्व में विचार कर चुकी है तथा सीमा यथावत् रखने का निर्णय ली गई है। अतः यह मांग समिति द्वारा नही मानी गई।

(iii) **EMD को घटाकर 1लाख रू0 करने के संबंध में**– चूंकि Tender Value करोड़ रू0 में है अतः EMD को 5.00 लाख रू0 रखा गया है जो साधारणतः इस मूल्य के सभी टेण्डरों में होता है। अतः EMD की राशि को यथावत् रखने का निर्णय लिया गया।

5. Indore Biotech के पत्रांक EOI/22-23/95 दिनांक 14.12.2022 द्वारा (i) एक हीं सर्टिफिकेट certifying the company having NPOP Certification for 10 years का सुझाव दिया गया है।

समिति को प्रतीत होता है कि इससे confusion होने की तथा गड़बड़ी की आशंका है। अतः जैसा Bid-document में है वैसा ही submit तथा upload करना है।

(ii) Turnover criteria को बदलने का सुझाव दिया गया है। समिति ने यह कंडिका जैसा Bid- Document में है वैसा ही यथावत् रखने का निर्णय लिया गया।

6. कृषि विकास सहकारी समिति लि0, का पत्रांक KVSSL/GGN/2022-23/176 दिनांक 13.12.2022 के द्वारा दिये गये कंडिका 1 से 6 तक के सभी सुझावों को समिति के द्वारा मान्य नही किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| 14/12/22<br>अनुश्रवण कार्यपालक,<br>ओफाज। | अग्रणी बैंक प्रबंधक/ नामित प्रतिनिधि | 14/12/2022<br>वैज्ञानिक,<br>उद्यान विभाग, BAU, रांची। |
| उद्योग विभाग,<br>झारखण्ड, रांची के प्रतिनिधि | 14/12/22<br>प्रधान हार्प प्लाण्डू, रांची/<br>उनके द्वारा नामित सदस्य। | 14.12.2022<br>विभागाध्यक्ष,<br>किट विज्ञान विभाग, BAU,रांची। |
| 14.12.22<br>वरिष्ठ वैज्ञानिक,<br>मृदा विज्ञान विभाग, BAU,रांची। | 14.12.22<br>विभागाध्यक्ष,<br>उद्यान विभाग, BAU, रांची। | 14.12.22<br>संयुक्त सचिव,<br>कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, रांची। |

14/12/22
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
ओफाज

ज्ञापांकः 509 रांची, दिनांकः 14/12/2022

प्रतिलिपिः संबंधित सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

14.12.22

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,

ओफाज, रांची